RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 346 | TUESDAY 23-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



राजनीति भी मित्रवर, बहुत बड़ा है खेल।
भैया इसका खेल से, क्यों ना हो फिर मेल।
क्यों ना हो फिर मेल, खेल यह बहुत बड़ा है।
हर इक नेता यहां, खिलाड़ी बना खड़ा है।
कह साहिल कविराय, फ्लॉप है यहां अनाड़ी।
नेता वो ही सफल, बने जो बड़ा खिलाड़ी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# स्टे हटा, अब गिरेगी हीरो बेकरी ! निगम की अग्निपरीक्षा शुरू

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। सरकारी जमीन पर कब्जे कर बनाई गई पक्खोवाल रोड स्थित हीरो बेकरी पर अब जल्द नगर निगम का पीला पंजा चल सकता है। दरअसल, इस बेकरी के मालिक जीत सिंह द्वारा कोर्ट में खुद को सही बताते हुए स्टे ले लिया था। जिस कारण निगम एक्शन नहीं ले पा रहा था। लेकिन माननीय सिविल जज जुनियर डिवीजन अमित बख्शी की कोर्ट ने स्टे को हटा दिया है। अब देखना होगा कि निगम एक्शन लेते हुए बेकरी की मंजिल को गिराता है या पहले की तरह कुछ अफसरों की मिलीभगत के बाद मामले को उलझाने का प्रयास किया जाएगा। क्योंकि पहले भी कई बार बेकरी पर एक्शन की तैयारी की थी, लेकिन निगम के कुछ अफसरों द्वारा सेटिंग करके मामले को दस्तावेजों में घुमाने का प्रयास कर बचाव किया गया था। अब भी निगम के कुछ ईमानदार अफसरों द्वारा अच्छे से रिपोर्ट तैयार करके कोर्ट में अपना पक्ष रखने के चलते स्टे हटवाया गया है। अब देखना होगा कि उन अफसरों की ईमानदारी बरकरार रहेगी या नहीं। चचाएं हैं कि निगम के कई अफसरों द्वारा जानबूझकर दस्तावेजों में हेरफेर करके मामले को उलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी तरफ से उच्च अधिकारियों को या तो दस्तावेज गलत दिखाए जाते है या असली दस्तावेज छिपाकर आधे अधुरे कागज पेश करके गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।




## इन अफसरों व राजनेताओं की मिलीभगत की चर्चा

वहीं चचाएं हैं कि एक मौजूदा एटीपी द्वारा हीरो बेकरी पर कार्रवाई होने से बचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उसकी तरफ से उच्च अधिकारियों, मीडिया और यहां तक कि विजिलेंस को भी दस्तावेजी तरीके से गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं एक पूर्व एटीपी द्वारा भी जी जान से मेहनत कर बचाव किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त पूर्व एटीपी ने ही बेकरी मालिक को बचाने के लिए सबसे पहले दस्तावेजों में हेरफेर की थी। वहीं एक राजनेता भी जमकर बचाव करने में जुटा है।

**सरकारी जमीन की इललीगल तरीके से करवाई रजिस्ट्री...**फिर हीरो बेकरी मालिक ने 50 गज सरकारी जमीन की रजिस्ट्री अवैध तरीके से करवाई। फिर हीरो बेकरी मालिक ने पड़ोसी मक्खन सिंह और सरुप कौर व निगम मुलाजिमों के साथ मिलकर सरुप कौर द्वारा कब्जाई सरकारी जमीन में से 68 हज जमीन हीरो बेकरी को बेच दी। उस पर पटवारखाने में सेटिंग करके खसरा नंबर लगवाकर रजिस्ट्री भी करवा ली। अब आगे उनके रिश्तेदारों ने पड़ोसी डॉक्टर की जमीन खरीदकर उसे भी बीच में मिला लिया।

## ईमानदार अफसरों की रिपोर्ट से टुटा स्टे

दरअसल सरकारी जमीन पर बेकरी बनने के बावजूद कई अफसरों ने सरकारी फीस जमा करके बिल्डिंग कंपाउंड कर डाली। निगम ने 5 सितंबर 2023 को बेकरी सील की। मालिक ने सीलें तोड़ डाली। एटीपी की शह के चलते एक्शन नहीं हुआ। मामला उच्च अफसरों के पास पहुंचा तो दो साल बाद एफआईआर दर्ज हुई। निगम ने बेकरी मालिक को नोटिस जारी कर तीन दिन में अवैध कब्जा छोड़ने के आदेश दिए। मालिक जीत सिंह कोर्ट पहुंचा और खुद को बेकसूर बता और कंपाउंड फीस जमा कराने का हवाला दे स्टे लिया। स्टे के कारण निगम एक्शन नहीं ले पा रहा था। मगर फिर निगम के कुछ ईमानदार अफसरों ने स्टे का सही से रिप्लाई किया और बताया कि बेकरी अवैध बनी है। फिर कोर्ट ने स्टे हटा दिया।

*__कंपाउंड करने वाले अफसरों पर हो सकता मामला दर्ज...__हीरो बेकरी सरकारी जमीन पर होने के चलते न तो कभी इसका नक्शा पास हो सकता है, न ही सीएलयू हो सकता है और न ही बिल्डिंग कंपाउंड होगी। यह बिल्डिंग सिर्फ गिराई जा सकती है। वहीं हीरो बेकरी मालिक ने निगम अफसरों के साथ मिलकर बिल्डिंग कंपाउंड की 75 हजार रुपए फीस जमा करवा दी और अफसरों ने भी इसे रेगुलर कर दिया। ऐसे में सरकारी जमीन पर बिल्डिंग को रेगुलर करने वाले अफसरों पर भी एफआईआर दर्ज हो सकती है।*

## हीरो बेकरी के बिधी चंद ने कब्जाई थी 50 गज जमीन

2003 में पूर्व पार्षद सतपाल पूरी अवैध कब्जों के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ऑर्डर पर लुधियाना निगम ने सर्वे किया। जिसमें पूरे शहर में 6355 जगह सरकारी जमीनें कब्जाने का पता चला। इसमें पक्खोवाल रोड स्थित हीरो बेकरी चौक की नुकर पर एक 50 गज की जमीन पर हीरो बेकरी के पहले मालिक बिधी चंद द्वारा कब्जा कर रखा था। उनके पड़ोसी भाई-बहन मक्खन सिंह और सरुप कौर की और से 260 गज सरकारी जमीन कब्जाई थी। हाईकोर्ट ने अक्टूबर 2008 में छह महीने के अंदर कब्जे छुड़वाने के आदेश दिए। निगम अफसरों के साथ सेटिंग होने के चलते कब्जाधारियों ने जमीनें खाली नहीं की।

**दो बार हो चुकी डिग्री - मालिक...**वहीं हीरो बेकरी मालिक जीत सिंह का कहना था कि उक्त जमीन खरीदी गई थी। कोर्ट से दो बार डिग्री हो चुकी है। निगम द्वारा खुद इसकी जांच की गई है। बेकरी सही जमीन पर और नियमों के मुताबिक बनी है।



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# कांग्रेसी नेता इंदी ने किए खुलासे, एडिशनल कमिश्नर के आदेशों पर हुई झूठी एफआईआर, कोर्ट में मुजरिम बनी खड़ी थी पुलिस

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। बागवानी विभाग के सुपरवाइजर अजय शर्मा द्वारा पार्षद पति और कांग्रेसी नेता इंद्रजीत इंदी पर मारपीट के आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में कोर्ट ने इंदी को जमानत दे दी। सोमवार को इंदी ने प्रैस कांफ्रेस कर बड़े खुलासे किए। उन्होंने कहा कि यह एक झूठा मामला था।

जिसे 10-15 लोगों ने मिलकर झूठी कहानी तैयार करके बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यग पूरा षड्यंत्र एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा द्वारा रचा गया था। उनकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। लेकिन अपने द्वारा दर्ज की एफआईआर में पुलिस खुद फंस गई।

पुलिस ने गिरफ्तारी पहले डाल दी और शिकायत बाद में आई। पुलिस अपने ही द्वारा बताए समय में खुद ही फंस गई। कोर्ट में पुलिस मुजरिम बन खड़ी थी और डेढ़ घंटा माननीय न्यायधीश को सफाई देती रही। इंदी का आरोप है कि पहले पुलिस ने उन्हें एक कोर्ट में पेश किया। जहां आधा घंटा सुनवाई हुई और माननीय न्यायधीश ने ऑर्डर नहीं किए। फिर दूसरी कोर्ट में उसे पेश किया। लेकिन पुलिस ने इस दौरान कोर्ट फाइल में सबमिट किए दस्तावेज बदलने की कोशिश की, जिसकी वीडियो बना ली। पुलिस अपने ही दस्तावेजों में खुद फंस गई।



## ठेकेदार को 69 लाख का दिया ठेका, कमिश्नर फोन तक नहीं कर पा रहे

इंदी ने आरोप लगाया कि एसई संजय कंवर को कमिशन के मामले में फंसाने वाले ठेकेदार को निगम ने आठ महीने पहले 69 लाख का वॉर्ड 61 के विकास कार्यों का ठेका दिया। विकास कार्य किस मोहल्ले और किस चीज के करने है पता नहीं। वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। लेकिन आज तक काम शुरू नहीं किया। इंदी ने कहा कि निगम कमिश्नर से लेकर नीचे सत्र के किसी अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं कि उक्त ठेकेदार को फोन करके टेंडर का पूछ सके। शायद ठेकेदार के पास उन अफसरों की भी रिकॉर्डिंग है, इसी लिए वह कुछ बोलते नहीं।

## रोज गार्डन में घोटाले की कोशिश, पूछने पर कराया पर्चा

इंदी ने कहा कि रोज गार्डन टेंडर घोटाले में पहले एसई फंस चुके हैं। उसी टेंडर को बागवानी विभाग के जेई की और से दोबारा लगवाया जा रहा है। इंदी के अनुसार वह उक्त टेंडर के बारे में पूछ रहे है और मशीनरी की मांग करते हैं, तो उन्हें पर्चे की धमकी दी जाती है। यह उन पर दर्ज करवाई झूठी एफआईआर भी उसी का नतीजा है।

## विकास कार्य न होने पर अब सड़कों पर घरेगें

इंदी ने कहा कि दिल्ली के एक ठेकेदार को उनके वॉर्ड का बिजली कार्य के पांच करोड़ का ठेका दिया है। वह ठेकेदार तारे तोड़ तोड़कर फेंक रहा है। जब उन्होंने इस संबंधी बिजली विभाग के मुलाजिमों को पूछा तो उन्होंने सीधा थाने फोन करके पर्चा दर्ज करने की बात कही और बोले कि इंदी हमारे काम में बांधा डाल रहा है। इंदी ने कहा कि एडिशनल कमिश्नर द्वारा दी सरेआम पर्चे की धमकी के चलते अब नीचे के मुलाजिम उसी रास्ते पर चल रहे हैं। इंदी ने कहा अब वह विकास कार्यों संबंधी अफसरों व मेयर से नहीं पूछेगें। अब कार्य न होने पर इन्हें सड़कों पर घेरा जाएगा, फिर जो पर्चा बनता है, वह करके अपना चाव उतार लें।

# जस्सियां रोड़ स्थित बैंक शाखा में चोरी, पुलिस को दी शिकायत

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। लुधियाना महानगर के जस्सियां रोड रेलवे लाइन नजदीक स्थित एक बैंक शाखा में बीते दिन रविवार को दिन दिहाड़े चोरी होने का मामला सामने आया है। बैंक अधिकारियों द्वारा इस संबंध में पुलिस चौकी जगतपुरी के प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इसके साथ ही मामले की गंभीरता देखते हुए एक शिकायत पुलिस कमिश्नर को भेजी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार, 21 दिसंबर 2025 को उस समय हुई जब बैंक शाखा बंद थी। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैंक की छत पर लगे दो एसी के तांबे के पाइप चोरी कर लिए गए। प्रारंभिक आकलन के अनुसार चोरी की यह घटना सुबह 11 बजे से दुपहर 2 बजे के बीच हुई। बैंक कर्मचारियों को इस चोरी की




जानकारी उस समय हुई जब वे अगले दिन सोमवार को शाखा पहुंचे। जांच के दौरान यह पाया गया कि ए. सी यंत्रों के तांबे के पाइप हटाए जा चुके थे, जिससे बैंक को आर्थिक क्षति के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी चिंता भी उत्पन्न हुई है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि शाखा के बंद होने का लाभ उठाकर इस वारदात को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया गया।

## इलाके में लगातार हो रही वारदातें

स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि रात के समय इस सड़क पर चोरों की आवाजाही अक्सर देखी जाती है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सख्त निगरानी रखने की मांग की है और बैंक प्रबंधन ने भी पुलिस से अनुरोध किया है कि अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कानून की उचित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर शीघ्र जांच प्रारंभ की जाए, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

# फिक्की फ्लो लुधियाना ने भव्य फ्लो गैलेरिया और विंटर वंडरलैंड का किया आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। फिक्की फ्लो लुधियाना द्वारा परागॉन वॉटरफ्रंट में फ्लो गैलेरिया और विंटर वंडरलैंड का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह आयोजन उद्यमिता, रचनात्मकता और सर्दियों के उत्सवी माहौल का सुंदर संगम रहा, जिसने एक जीवंत और आकर्षक बाजार का रूप लिया। कार्यक्रम का आयोजन फ्लो लुधियाना की चेयरपर्सन श्वेता जिंदल के नेतृत्व में किया गया। उनकी समर्पित कोर टीम की दूरदर्शिता और सूक्ष्म योजना के चलते यह आयोजन प्रतिभागियों और आगंतुकों दोनों के लिए एक सहज व यादगार अनुभव साबित हुआ।इस प्रदर्शनी में युवा एवं उभरते उद्यमियों से लेकर प्रतिष्ठित ब्रांड्स तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डिजाइनर परिधान, लाइफस्टाइल उत्पाद, उत्सवी सजावट, गिफ्टिंग आइटम्स और क्लाउड किचन जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों



ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए, जिससे यह आयोजन नवाचार और उद्यमशीलता का सजीव उदाहरण बना। फ्लो गैलेरिया ने महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को व्यापक दर्शक वर्ग से जुड़ने, पहचान बनाने और अपने बाजार को मजबूत करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। खूबसूरती से सजे स्टॉल, उत्सवी माहौल और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन की सफलता को और भी खास बना दिया।

# समिति केंद्र चैरिटेबल ट्रस्ट ने कुष्ठ आश्रय, लुधियाना में जरूरत का सामान किया दान



लुधियाना, यूटर्न, 22 दिसंबर। समिति केंद्र चैरिटेबल ट्रस्ट, लुधियाना द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 21 दिसंबर 2025 को कुष्ठ आश्रय, लुधियाना में जरूरत का सामान दान किया गया। इस सेवा कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट पीयूष कांत जैन, कैशियर सुश्री रेखा जैन तथा श्री विपन जैन की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से कुष्ठ रोगियों एवं आश्रय में रह रहे जरूरतमंदों के लिए दैनिक उपयोग की कई आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना उनका निरंतर उद्देश्य है और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे। कुष्ठ आश्रय प्रबंधन ने ट्रस्ट के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# डिजिटल अरेस्ट ठगी का बड़ा खुलासा: 85 लाख की साइबर ठगी में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन चंडीगढ़ ने हाई-वैल्यू डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले का पदार्फाश करते हुए 85 लाख रुपये की ठगी में शामिल मुख्य आरोपी अंकित गुप्ता को इंदौर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर खुद को टेलीकॉम अथॉरिटी ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और विजिलेंस विभाग का अधिकारी बताकर चंडीगढ़ निवासी पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग के फर्जी केस में डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी और



गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर तथाकथित प्रायोरिटी इनोसेंस सर्टिफिकेट का झांसा देकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवाई। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में ही ₹39 लाख और ₹11 लाख की बड़ी रकम जमा हुई थी, जिसके बाद एसपी साइबर क्राइम गीतांजलि खंडेलवाल, आईपीएस के नेतृत्व में और डीएसपी ए. वेंकटेश व इंस्पेक्टर इराम रिजवी की निगरानी में टीम ने 20 दिसंबर 2025 को इंदौर में छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया और चेक बुक बरामद की। पुलिस के अनुसार मामला अभी शुरूआती चरण में है और आगे की जांच में मनी ट्रेल, डिजिटल डिवाइसेज और गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की उम्मीद है, वहीं साइबर पुलिस ने जनता से अपील की है कि डिजिटल अरेस्ट, वीडियो कॉल पर फर्जी वारंट और फोन पर पैसे मांगने जैसी किसी भी कॉल से सतर्क रहें और तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें।

# डीगढ़ पुलिस ने कराया वी /डीजीपी बैडमिंटन कप 2025, दो दिवसीय टूनार्मेंट में दिखा जोश और खेल भावना



चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। चंडीगढ़ पुलिस ने 20 और 21 दिसंबर 2025 को वी/डीजीपी बैडमिंटन कप का आयोजन किया, जिसमें इंस्पेक्टर दयाराम (इंचार्ज स्पोर्ट्स एवं सीडीआई आरटीसी ) की देखरेख में शहर की विभिन्न यूनिट्स के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। टूनार्मेंट का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और टीमवर्क को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मनजीत, आईपीएस, एसपी (मुख्यालय एवं प्रशिक्षण) ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। दो दिवसीय प्रतियोगिता में महिला एकल, महिला युगल, पुरुष अंडर-45, अंडर-55, 55 वर्ष से अधिक और ह/डीजीपी कप ओपन श्रेणियों में जोरदार प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें छ/उ मोनिका, एएसआई मुकेश, एएसआई हेमंत, इंस्पेक्टर लखवीर सिंह, इंस्पेक्टर मलकीत सिंह सहित कई खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। टूनार्मेंट सकारात्मक माहौल में समाप्त हुआ और चंडीगढ़ पुलिस ने भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि बल के सदस्यों का सर्वांगीण स्वास्थ्य और फिटनेस सुनिश्चित हो सके।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## जिला परिषदों के बाद अब काउंसिल चुनाव में आप की हेराफेरी शुरू:एनके शर्मा

लालड़ू, यूटर्न, 22 दिसंबर। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने कहा है कि पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने जिला परिषद व ब्लाक समिति के बाद अब नगर परिषदों व नगर पालिका चुनावों में हेराफेरी शुरू कर दी है। एनके शर्मा सोमवार को लालड़ू नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और वार्डबंदी का नक्शा सार्वजनिक नहीं किए जाने पर अधिकारियों से जवाब मांगा। पूर्व विधायक कार्यकर्ताओं के साथ परिषद कार्यालय पहुंचे तो यहां कार्यकारी अधिकारी मौजूद नहीं थे।

VOL: 10 | ISSUE 346 | TUESDAY 23-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## लुधियाना रेस्त्रां में नशा, सड़कों पर मौत, प्रशासन को दोष

# पेरेंट्स का बच्चों पर कंट्रोल नहीं और पैसे की चकाचौंध में जिम्मेदारी में फेल!

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। लुधियाना में फिरोजपुर रोड पर शनिवार-रविवार की रात वेरका मिल्क प्लांट के सामने बोलेनो कार सवार युवतियों-युवकों का इनोवा कार से एक्सिटेंड होने और साउथ सिटी में एल्गिन कैफे में टेबल के पीछे युवाओं में हुई मारपीट के मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक्सिडेंट में एक लड़की राशि की मौत हो गई थी, जबकि पांच युवाओं को अस्पताल दाखिल कराया गया। जिनकी हालत में अब पहले से काफी सुधार बताया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर में चचाएं शुरू हो गई है कि आए दिन युवाओं के एक्सिडेंट और मारपीट के मामले बढ़ रहे हैं। शहर के बुद्धिजीवियों का कहना है कि आज कल हाई प्रोफाइल व नामी सोसायटियों के लोग पैसे की चकाचौंद में इतने अंधे हो चुके हैं कि खुद ही अपनी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। उनका अपने बच्चों पर कंट्रोल नहीं है। जबकि वह अपनी कमियों को छिपाने के लिए गलतियों का ठीकरा प्रशासन के सिर पर फोड़ रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ चचाएं हैं कि साउथ सिटी रोड के कई रेस्त्रां में खुलेआम नशा बिकता है। लेकिन इसकी जानकारी पता होने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा।



**पेरेंट्स को खुद अपने बच्चों को रोकना चाहिए...**शहर के बुद्धिजीवियों का कहना है कि बेशक कई रेस्त्रां में युवाओं को सरेआम नशा बेचा जा रहा है। लेकिन पेरेंट्स को चाहिए कि वह खुद अपने बच्चों को वहां जाने से रोके। अगर बच्चे ही वहां नहीं जाएंगे, तो नशा खरीदेगा कौन। आखिर फिर इस पर लगाम लगाई जा सकती है। जिसके चलते पेरेंट्स को पहले सेल्फ कंट्रोल से ही इसकी शुरूआत करने की जरुरत है।

**लीआंतरे रेस्त्रां में पुलिस कर चुकी रेड...**बता दें कि साउथ सिटी रोड पर स्थित लीआंतरे रेस्त्रां मालिक पर पहले भी नशा सर्व करने के आरोप लग चुके हैं। जिसके चलते पहले भी पुलिस द्वारा वहां रेड की गई। हालांकि कई बार यह रेस्त्रां चचाओं में रह चुका है। इसके अलावा शहर में चर्चा है कि एल्गिन कैफे रेस्त्रां पर भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। शनिवार को वहीं पर नशे में धुत युवकों के दो पक्ष द्वारा टेबल को लेकर मारपीट की गई। जिसमें एक का नाक टूटा और दूसरे का सिर फोड़ दिया। चर्चा है कि साउथ सिटी रोड के इन कई नामी रेस्त्रां में 15 से 18 साल के युवाओं को ड्रग्स, शराब व हुक्का भी सर्व किया जा रहा है। चर्चा है कि राजनेताओं और कई अधिकारियों की शह के बाद ही यह अवैध कार्य चल रहे हैं।

**सत्ताधारी चुप, विपक्ष बना मूकदर्शक...**वहीं इस मामले में सत्ताधारी पार्टी द्वारा तो कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। वहीं विपक्ष भी कुछ न बोलकर मूकदर्शक बना बैठा है। चचाएं हैं कि इन रेस्त्रों में सर्व हो रहे ड्रग्स में कई राजनेताओं और अधिकारियों की भी मिलीभगत है। इसी लिए एक्शन नहीं लिया जा रहा।

## फर्जी सर्टिफिकेट पर मिली अनुकंपा नौकरी: चंडीगढ़ पुलिस की महिला कॉन्स्टेबल को 3 साल की सजा

अजीत झा



चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति हासिल करने के मामले में जिला अदालत ने चंडीगढ़ पुलिस की महिला कॉन्स्टेबल भूपिंदरजीत कौर को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 4,500 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी के खिलाफ यह मामला करीब 10 साल पहले सेक्टर-3 थाना में दर्ज किया गया था। अदालत ने अपने फैसले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के आरोपी न तो कानून से डरते हैं और न ही किसी प्राधिकरण से। ऐसे लोग न सिर्फ निर्दोष व्यक्तियों को धोखा देते हैं, बल्कि पुलिस विभाग जैसे जिम्मेदार संस्थान को भी नहीं बख्शते।अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपी ने स्वयं फर्जी प्रमाणपत्र तैयार कर उसका इस्तेमाल किया, जो सीधा-सीधा धोखाधड़ी का गंभीर अपराध है। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि सजा का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि अपराधी में सुधार लाना भी न्याय प्रणाली का अहम हिस्सा है। मामले के अनुसार सेक्टर-9 स्थित पुलिस मुख्यालय में तैनात सीनियर असिस्टेंट विनोद कुमार ने इस फजीर्वाड़े की सूचना पुलिस को दी थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। जांच में सामने आया कि भूपिंदरजीत कौर ने चंडीगढ़ पुलिस में कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड (PSEB) का 12वीं कक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट इस्तेमाल किया था। महिला का पति भी चंडीगढ़ पुलिस में कॉन्स्टेबल था, जिसकी मृत्यु के बाद उसे अनुकंपा आधार पर नौकरी दी गई थी। पुलिस जांच के दौरान पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड से रिकॉर्ड मांगा गया।

श्रद्धांजलि

हमारे प्रिय मित्र श्री संजय जैन एवं श्री राजीव जैन (फेरो सोना) के पूजनीय पिता जी

श्री वरिन्द्र जैन

(सुपुत्र स्व. श्री ढेरू राम जैन एवं स्व. श्रीमती सोना देई जैन)

के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

उनकी रस्म पगड़ी दिनांक 23.12.2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे शहनशाह पैलेस, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

TANDON PROPERTIES
TANDON ESTATES
TANDON REALTY
CIRCLE LAND DEVELOPERS, Ludhiana

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिता जी

श्री वरिन्द्र जैन

(सुपुत्र स्व. श्री ढेरू राम जैन एवं स्व. श्रीमती सोना देई जैन)

का दिनांक 22-12-2025 को स्वर्गवास हो गया है।

रस्म पगड़ी दिनांक 23-12-2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे शहनशाह पैलेस, फिरोजपुर रोड़, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल परिवार :

संजय जैन - नीतू जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
राजीव जैन - सोनल जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
शिवानी जैन - विपुल जैन (बेटी-दामाद)
यशिक जैन - मान्या जैन (पौत्र-पौत्रवधु)
वांशिक, दिव्यांश, प्रियांश जैन (पौत्रे)
नरेन्द्र जैन - मधु जैन (भाई-भाभी)
स्व. अशोक जैन - स्व. मीनू जैन (भाई-भाभी)
नरेश जैन - रितु जैन (भाई-भाभी)
राकेश जैन - किरण जैन (भाई-भाभी)

SONA PARIVAR
FERRO SONA INDUSTRIES LTD.
Ludhiana




# चंडीगढ़ में डॉग पिकअप के खिलाफ प्रदर्शन, पशु प्रेमी बोले बेजुबानों पर अत्याचार नहीं होगा बर्दाश्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। शहर में आवारा कुत्तों को उठाने की कार्रवाई के विरोध में पशु प्रेमी एकजुट हो गए। सोमवार को उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहनकर चंडीगढ़ नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुत्तों के साथ क्रूरता की जा रही है और उन्हें अवैध तरीके से उठाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस कार्रवाई को तुरंत रोका जाए और मौजूदा कानूनों के अनुरूप मानवीय व कानूनी समाधान अपनाए जाएं। प्रदर्शन के दौरान पशु प्रेमियों ने तख्तियां उठाईं, जिन पर बेजुबान जानवरों के साथ हो रहे कथित अन्याय, पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के उल्लंघन और सर्वोच्च न्यायालय तथा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों




की अनदेखी के आरोप लिखे थे।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि समुदायिक कुत्ते बेजुबान हैं और अपने अधिकारों के लिए खुद आवाज नहीं उठा सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और इसका उद्देश्य करुणा, संवैधानिक मूल्यों तथा कानून के सख्त पालन को बढ़ावा देना है।

पशु प्रेमियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने कुत्तों के प्रति कथित क्रूरता और अवैध उठाने की कार्रवाई नहीं रोकी, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पंजाब मानवाधिकार आयोग ने स्वच्छता एवं सफाई कर्मचारियों के कल्याण हेतु निर्देश जारी किए




चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22 दिसंबर। पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश) मानवाधिकार आयोग के सदस्य जितेंद्र सिंह शांति (पद्म श्री पुरस्कार विजेता) ने सोमवार पंजाब राज्य और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में दैनिक स्वच्छता एवं सफाई सेवाओं में लगे कर्मचारियों के भौतिक कल्याण हेतु दिशानिदेशों को तत्काल लागू करने के आदेश जारी किए। आयोग के अधिकारी रोहित चतरथ ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिशानिर्देश जारी करते समय सदस्य शांति ने कहा कि स्वच्छता एवं सफाई कर्मचारी एक महत्वपूर्ण अग्रिम पंक्ति के कार्यबल हैं, जो स्वच्छता बनाए रखने, बीमारियों की रोकथाम करने और जन स्वास्थ्य की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, इन कर्मचारियों ने उच्च जोखिम के बावजूद निरंतर सेवाएं प्रदान की हैं, जिसके लिए विशेष सुरक्षा, सम्मान और संस्थागत सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश सभी सरकारी विभागों, शहरी स्थानीय निकायों, नगर निगमों, नगर परिषदों, पंचायतों और स्वच्छता एवं सफाई कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली सभी सरकारी एवं निजी एजेंसियों पर लागू होंगे। उनके अनुसार, ये दिशानिर्देश सड़कों और गलियों की सफाई, घर-घर जाकर कूड़ा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सरकारी और सामूहिक शौचालयों की सफाई, खुले नालों (सीवर रहित) की सफाई और सरकारी भवनों, अस्पतालों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर काम करने वाले श्रमिकों पर लागू होंगे।

# चंडीगढ़ में डॉग बाइट केस: महिला को पड़ोसी के कुत्ते ने काटा, कोर्ट ने सुनाया 1.3 लाख रुपये मुआवजे का फैसला

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। शहर में पड़ोसी के पालतू कुत्ते द्वारा महिला को काटे जाने के मामले में जिला अदालत ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया। अदालत ने महिला को 1 लाख रुपये मुआवजा और 30 हजार



रुपये इलाज खर्च के रूप में देने का आदेश दिया। यह फैसला पालतू जानवरों के मालिकों की जिम्मेदारी और लापरवाही के मामलों में एक महत्वपूर्ण मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। अदालत ने कहा कि पालतू जानवरों के मालिकों को अपने पशुओं की सुरक्षा और नियंत्रण की जिम्मेदारी पूरी करनी होगी, ताकि अन्य लोगों को कोई नुकसान न पहुंचे। विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट भी डॉग बाइट के मामलों में कड़े निर्देश जारी कर चुकी है, लेकिन फिर भी कई लोग अपने पालतू कुत्तों का सही तरीके से ध्यान नहीं रखते। शहर में पालतू जानवरों के अलावा आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से भी लोगों की सुरक्षा को खतरा बढ़ा है। अदालत के इस आदेश से उम्मीद जताई जा रही है कि पालतू जानवरों के मालिक अब अधिक सतर्क होंगे और इस तरह के हादसों को कम करने में मदद मिलेगी।

# अस्पताल में बदल गई दो महिलाओं की लाशें, एक का हुआ संस्कार, दूसरे के परिवार ने मृतक का चेहरा देखा तो हुआ खुलासा, किया विरोध

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। फिरोजपुर रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल में दो महिलाओं की लाशें अचानक बदल गईं। जिसके बाद अस्पताल स्टॉफ द्वारा एक लाश दूसरे परिवार को दे दी, जबकि दूसरी लाश उनके परिजनों के विदेश से आने के चलते मोर्चरी में रखी थी। एक परिवार ने तो संस्कार तक कर डाला। लेकिन जब दूसरे के परिजन सोमवार लाश लेने पहुंचे तो उन्होंने मृतक महिला का चेहरा देख लिया। जिससे खुलासा हुआ। जिसके बाद रिश्तेदारों ने अस्पताल में धरना लगा दिया। थाना सराभा नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार टैगोर नगर के गारमेंट व्यापारी सौरव दीवान की माता ममता दीवान काफी समय से बीमार थी। उन्हें करीब 15 दिन पहले ओरिसन अस्पताल दाखिल कराया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उनकी 19-20 दिसंबर की रात को मौत हो गई। इसी दौरान अस्पताल में दाखिल मोगा की एक महिला की भी उसी दिन मौत हुई। चर्चा है कि अस्पताल स्टॉफ द्वारा ममता दीवान की लाश मोर्चरी से निकालकर परिवार को सौंप दी। उन्होंने लाश पर टेपिंग कर रखी थी और कहा कि इसे खोलिए न, जिससे इंफेक्शन फैल सकती है। जिसके चलते रिश्तेदारों द्वारा उनका संस्कार कर दिया गया। लेकिन सौरव दस्तावेज लेने सोमवार अस्पताल पहुंचा तो मामला का खुलासा हुआ कि उन्होंने जिसका संस्कार किया, वे मोगा की रहने वाली महिला थी।



## मैनेजमेंट कर रही जांच

उधर, अस्पताल के डॉक्टर सुनील ने कहा कि मैनेजमैंट ये जांच कर रही है कि किस स्तर पर गलती हुई है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामले में एसएचओ सराभा नगर आदित्य शर्मा ने पीड़ित परिवार के बयान लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बेटों के विदेश से लौटने पर करना था संस्कार

मृतक महिला जसबीर कौर के पति जसवंत सिंह ने बताया कि वो मोगा के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी जसबीर कौर लीवर की बीमारी से पीड़ित थीं। पत्नी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 10 दिसंबर को अस्पताल भर्ती कराया। अस्पताल में 9 दिन तक जसबीर कौर का इलाज होने के बाद 19 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। सके बाद परिवार ने महिला के दो बेटों के विदेश से आने के बाद अंतिम संस्कार करने की बात कही। बेटे बलबीर और जर्नल सिंह कनाडा में एक रेस्टोरेंट में कम करते हैं। परिवार ने शव को मॉच्युरीं में रखवा दिया और सोमवार जब शव लेने आए तो उन्होंने मृतक का चेहरा दिखा तो खुलासा हुआ।

## ओरिसन अस्पताल के खिलाफ मामला दर्ज

वहीं थाना सराभा नगर की पुलिस ने मोगा के जसवंत सिंह की शिकायत पर ओरिसन अस्पताल खिलाफ मामला दर्ज किया है। उनका आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों, स्टॉफ व मुलाजिमों द्वारा मिलकर उनकी पत्नी की डेड बॉडी चोरी करवाई गई है। जबकि उनके शरीर के अंग निकाले गए, जिससे बचने के लिए डेड बॉडी चोरी करवाकर उसका संस्कार करवा दिया है।

# मेयर ने हंस नगर में सुनीं जन समस्याएं, लगभग समस्याओं का मौके पर समाधान

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 दिसंबर। नगर निगम बठिंडा के मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 42 में स्थित हंस नगर में आयोजित बैठक में भाग लिया और आम जनता की जनसमस्याओं से रूबरू हुए। हंस नगर में धर्मेंदर धीर की अगुवाई में आयोजित बैठक में इलाका निवासियों ने अपनी समस्याएं मेयर के सामने रखीं। मेयर मेहता ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया, जबकि शेष समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता की



मूलभूत समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का मिशन पंजाब को समस्या मुक्त, नशा मुक्त और रंगला पंजाब बनाना है। इसी उद्देश्य के तहत वह खुद जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# हेलमेट छोड़िए, नियम भी भूलिए! चंडीगढ़ में ट्रैफिक उल्लंघन बेलगाम, लाइसेंस सस्पेंशन दोगुना

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। स्मार्ट सिटी, स्मार्ट पुलिस और हर चौराहे पर सीसीटीवी फिर भी चंडीगढ़ की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। हालात ऐसे हैं कि पढ़े-लिखे शहर में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के मामले एक साल में दोगुने हो गए हैं। आरएलए के आंकड़े बताते हैं कि बिना हेलमेट ड्राइविंग और ट्रिपल राइडिंग इस सूची में सबसे ऊपर हैं। रजिस्ट्रेशन एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी के अनुसार, बिना हेलमेट वाहन चलाना लाइसेंस सस्पेंड होने की सबसे बड़ी वजह बना, जबकि ट्रिपल राइडिंग दूसरे नंबर पर रही। हैरानी की बात यह है कि बार-बार नोटिस जारी होने के बावजूद चालान नहीं भरे जा रहे। बीते तीन साल में करीब साढ़े सात लाख चालान अब भी लंबित हैं। आरएलए प्रभारी प्रद्युमन सिंह के मुताबिक, स्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग और खतरनाक ड्राइविंग जैसे मामलों में भी वाहन चालकों ने जुर्माना नहीं चुकाया।अब अंतिम नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की तैयारी है।





### कानून क्या कहता है

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 19 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 21 के तहत नशे में ड्राइविंग, तेज गति, रेड लाइट जंपिंग और मोबाइल फोन उपयोग जैसे गंभीर अपराधों पर छह महीने तक लाइसेंस निलंबन हो सकता है। वहीं, बिना हेलमेट ड्राइविंग पर तीन महीने का निलंबन और जुर्माना तय है।

### 2025: इन वजहों से सस्पेंड हुए लाइसेंस

- कुल निलंबन: 648
- बिना लाइसेंस ड्राइविंग: 425
- ट्रिपल राइडिंग: 102
- मोबाइल फोन का इस्तेमाल: 21

नोट: 2025 में रेड लाइट जंपिंग पर लाइसेंस सस्पेंड नहीं किया गया।

### 2024 की स्थिति

- बिना हेलमेट: 196
- नशे में ड्राइविंग: 55
- ओवरस्पीडिंग: 20
- मोबाइल फोन उपयोग: 9

### हर साल बढ़ते चालान

- 2020: 1,81,558
- 2021: 2,42,937
- 2022: 6,03,118
- 2023: 9,93,558
- 2024: 9,95,797

### वाहनों की संख्या और निगरानी

चंडीगढ़ में इस समय 8 लाख 88 हजार वाहन पंजीकृत हैं। साल 2025 में ही 21,028 नए वाहन रजिस्टर हुए। शहर के 47 प्रमुख चौराहों पर 225 आईटीएमएस कैमरे लगे हैं, जिनसे नियम उल्लंघन की पहचान तेजी से हो रही है।

### पीछे मुड़कर देखें तो

- 2023: 457 बिना हेलमेट, 107 ओवरस्पीडिंग, 74 नशे में ड्राइविंग, 18 मोबाइल फोन उपयोग
- 2022: कुल 1,139 लाइसेंस सस्पेंड
- 2021: रिकॉर्ड 4,057 लाइसेंस निलंबन

आंकड़े साफ इशारा कर रहे हैं कि तकनीक और सख्ती के बावजूद सड़क पर जिम्मेदारी कम पड़ रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन की अगली कार्रवाई से ट्रैफिक अनुशासन पटरी पर लौटता है या नहीं।

# मालवा नहर का निर्माण जल्द शुरू होगा, मुक्तसर, फिरोजपुर, फरीदकोट में सिंचाई होगी

## इससे कम से कम 2 लाख एकड़ जमीन की सिंचाई होगी

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। मालवा नहर हेडवर्क्स का निर्माण अगले साल की शुरूआत में हरिके में, सतलुज और ब्यास नदियों के संगम के पास शुरू होने वाला है, और 27 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। अधिकारियों ने बताया कि टेंडर पहले ही खोले जा चुके हैं और अभी उनका मूल्यांकन किया जा रहा है, और असल निर्माण कार्य अगले महीने शुरू होने की उमीद है। खास बात यह है कि यह आजादी के बाद राज्य में बनने वाली पहली नई नहर होगी। जल संसाधन विभाग के सूत्रों ने बताया कि हेडवर्क्स में हरिके में राजस्थान फीडर नहर से सटे तीन हेड रेगुलेटर गेट शामिल होंगे। ये गेट प्रस्तावित मालवा नहर में पानी के बहाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, टेंडर खोल दिए गए हैं और उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। निर्माण कार्य एक महीने में शुरू होने की उम्मीद है।



### आपत्तियों की हो रही जन सुनवाई

टेंडर प्रक्रिया के साथ-साथ, भूमि अधिग्रहण कलेक्टर नहर के प्रस्तावित रास्ते के किनारे बसे निवासियों और जमीन मालिकों द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सुनने के लिए जन सुनवाई कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आपत्ति सुनने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इसके पूरा होने की उम्मीद है। एक कार्यकारी इंजीनियर ने कहा, रजब सुनवाई पूरी हो रही है, तो हेडवर्क्स के लिए टेंडर प्रक्रिया भी साथ-साथ आगे बढ़ रही है।

### 2300 करोड़ की आएगी लागत

- पूरे मालवा नहर परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 2,300 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित नहर 149 किलोमीटर लंबी, 50 फीट चौड़ी और 12.5 फीट गहरी होगी। इसमें लगभग 500 आउटलेट होंगे और इसकी पानी ले जाने की क्षमता 2,000 क्यूसेक होगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पिछले साल मुक्तसर जिले के डोडा गांव के दौरे के दौरान प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की थी।

### अधिकारियों ने दिया आश्वासन

- हालांकि कुछ किसानों ने चिंता जताई है कि नहर से कुछ इलाकों में जलभराव की समस्या और बढ़ सकती है, लेकिन अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि रिसाव और संबंधित समस्याओं को रोकने के लिए आधुनिक निर्माण तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह प्रोजेक्ट मालवा क्षेत्र में लंबे समय तक सिंचाई के फायदे देगा और कृषि उत्पादकता को बढ़ाएगा।

# दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या: दोषी को उम्रकैद, चंडीगढ़ में तीन साल पुराने मामले में अदालत का फैसला

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। दुष्कर्म के बाद 18 वर्षीय युवती की बेरहमी से हत्या के सनसनीखेज मामले में जिला अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सोमवार को आए फैसले में अदालत ने आरोपी मोहम्मद साकिर पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोषी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। यह घटना 20 नवंबर 2022 की है।

युवती की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने छह वर्षीय बेटे को स्कूल छोड़कर काम पर चली गई थी, जबकि 18 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। जब वह वापस लौटी तो घर का दरवाजा खुला मिला और बेटी कमरे में बेसुध हालत में पड़ी थी। पड़ोसियों की मदद से युवती को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस



को सूचना दी गई। जांच के दौरान पुलिस को युवती के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली। फुटेज में आरोपी मोहम्मद साकिर सुबह करीब 9:30 बजे घर के अंदर जाता और लगभग एक घंटे बाद अकेले बाहर निकलता दिखाई दिया। इसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शव से डीएनए सैंपल भी जुटाए, जिनकी जांच में साकिर का डीएनए मैच हो गया। इससे यह साफ हो गया कि आरोपी ने ही युवती के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। युवती की मां ने अदालत और पुलिस को बताया कि मोहम्मद साकिर पहले उसी मकान में किराये पर रहता था और उनकी बेटी को परेशान करता था। उन्होंने साकिर को चेतावनी भी दी थी कि वह उनकी बेटी से बात न करे, लेकिन इसके बावजूद वह उससे संपर्क करने की कोशिश करता रहा। घटना से कुछ दिन पहले भी वह युवती से मिलने आया था। मां ने शुरू से ही साकिर पर ही हत्या का शक जताया था। अदालत ने मामले को जघन्य अपराध मानते हुए दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले को महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त रुख और न्याय का मजबूत संदेश माना जा रहा है।

# अज्नोहा में स्व. प्यारा सिंह और काका मनमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया



दलजीत अज्नोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/22 दिसंबर। जिला हुशियारपुर के गांव अज्नोहा में नगर निवासियों, ग्राम पंचायत, प्रवासी भारतीयों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से स्पोर्ट्स क्लब अज्नोहा द्वारा स्व. प्यारा सिंह और काका मनमोहन सिंह मेमोरियल वार्षिक फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।क्लब अध्यक्ष इंदरजीत सिंह और हरकीरत सिंह गोरखा की ओर से संयुक्त रूप में बताया कि इस वार्षिक फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि रजिंदर सिंह परमार और रमिंदर सिंह परमार (ऑस्ट्रेलिया) ने संयुक्त रूप से किया। टूनार्मेंट में सभी उप-निवास स्तर की 16 टीमें, गांव स्तर ओपन 32 टीमें और अंडर-17 की 16 टीमें शामिल हुई।अंडर-17 वर्ग में अज्नोहा की टीम विजेता रही। गांव स्तर ओपन वर्ग में रिहाणा जट्टां ने पंजोड़ को हराकर फाइनल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सभी ओपन क्लब टीमों में परमार क्लब ऑस्ट्रेलिया पालदी ने सीआरपीएफ जालंधर को हराकर फाइनल मुकाबला जीता। अंडर-17 फाइनल में अज्नोहा ने खलवाड़ा की टीम को 2-1 गोल से पराजित कर ट्रॉफी जीती।फाइनल दिवस पर मुख्य अतिथि हलका विधायक डॉ. ईशाक कुमार चब्बेवाल और सीनियर आप नेता दीपक बाली की ओर से विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभी ओपन फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रथम पुरस्कार 1.5 लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रुपये तथा ट्रॉफी दी गई। गांव उप-निवास में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये और द्वितीय 41 हजार रुपये तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। अंडर-17 में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये और द्वितीय 25 हजार रुपये प्लस ट्रॉफी दी गई।

# हरियाणा की जनता ने बड़े जनादेश से सरकार बनाई, 'वोट चोरी' का आरोप दुष्प्रचार : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, यूटर्न 22 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने बड़े जनादेश के साथ सरकार बनाई है, इसके बावजूद विपक्ष द्वारा ह्यवोट चोरीह्न का भ्रम फैलाना जनता के प्रति दुष्प्रचार और जनमत का अपमान है। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप द्वारा मतदाता सूची से जुड़े चुनाव सुधारों के कारण उत्पन्न स्थिति पर लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा के समय सदन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 अक्तूबर 2024 को विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने तक विपक्ष को सब कुछ सही लग रहा था, लेकिन समय बीतने के साथ अचानक वोट चोरी जैसे आरोप सामने आने लगे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हरियाणा से बाहर देश के विभिन्न हिस्सों तक फैलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा हरियाणा का नाम लेकर वोट चोरी का आरोप लगाया गया, जिस पर इस सदन में गंभीर और तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, ताकि प्रदेश की जनता सच्चाई जान सके।

# बीवीएम, ऊधम सिंह नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणित दिवस

ऊधम सिंह नगर, 22 दिसंबर 2025। भारतीय विद्या मंदिर (बीवीएम), ऊधम सिंह नगर में गणित दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्देश्य गणित की दैनिक जीवन में उपयोगिता को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत करना रहा। विद्यालय के गणित अध्यापक हैरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए गणित के महत्व पर प्रकाश डाला और तर्कसंगत सोच व समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रथम कक्षा ने नंबर लाइन, द्वितीय कक्षा ने टेबल्स, तृतीय कक्षा ने ड्रॉ सीन विद शेप्स तथा चौथी कक्षा ने रैपिड फायर गतिविधि प्रस्तुत की। पाँचवीं कक्षा ने तंबोला, छठी कक्षा ने परिधि व क्षेत्रफल पर अभिनय, सातवीं कक्षा ने मैथ्स ट्रिविया और आठवीं कक्षा ने ज्यामितीय रंगोली के माध्यम से गणित को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता के प्रेरक संबोधन के साथ हुआ।

Happy Birthday



Priya

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## वृंदावन में अव्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए बढ़ती समस्या

वृंदावन भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लाखों श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। यह पवित्र नगर अपनी आध्यात्मिक शांति और भक्ति के वातावरणके लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षो में यहाँ प्रबंधन की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। सबसे बड़ी समस्या भीड़ नियंत्रण की है। प्रमुख मंदिरों में उचित कतार व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी बेहद खराब है। संकरी सड़कों पर अवैध पार्किंग और ऑटो-रिक्शा की अव्यवस्थित आवाजाही से जाम की स्थिति बनी रहती है। स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक है। मंदिरों के आसपास कचरे का ढेर और गंदगी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाती है। शौचालयों की कमी और रखरखाव काअभाव भी बड़ी परेशानी है। साथ ही, तीर्थयात्रियों को सही जानकारी देने के लिए मार्गदर्शन केंद्रों और सूचना बोर्डों की कमी महसूस होती है। आए दिन धक्का मुक्की के कारण श्रद्धालुओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना धन और समय खर्च करके वृन्दावन पहुँचे लोग अपने प्रिय प्रभु के दर्शन भी ढंग से नहीं कर पाते और इसके अलावा जेबकतरों और लुटेरों ने अपनी हरकतों से बाहर से आए श्रद्धालुओं के मन में वृन्दावन की छवि खराब करने का ठेका ले रखा है। स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधन और नगर निगम मिलकर बेहतर योजना बनाएँ, तो इन समस्याओं का समाधान संभव है। सुव्यवस्थित प्रबंधन से वृंदावन की पवित्रताऔर श्रद्धालुओं का अनुभव दोनों सुरक्षित रह सकते हैं।

# राम नाम महामंत्र, जीवन को सुख-शांति और विजय की ओर ले जाता है : संत अश्वनी बेदी



संत अश्वनी बेदी जी



माँ रेखा बेदी जी



दलजीत सिंह ग्रेवाल



कुलवंत सिंह सिद्धू



जीवन गुप्ता



मदन लाल बग्गा



अशोक प्राशर पप्पी विधायक



महेश मित्तल

लुधियाना, यूटर्न 22 दिसंबर। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में चल रहे 71वें राम नाम अखंड जप महायज्ञ के अवसर पर श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज की वाणी पर प्रकाश डालते हुए संत अश्वनी बेदी जी ने राम नाम के आध्यात्मिक और जीवनोपयोगी महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया।

संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि राम नाम कोई साधारण शब्द नहीं, बल्कि दिव्य ऊर्जा का स्रोत है, जो जीवन के हर पहलू को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। राम नाम सभी सुखों को प्रदान करने वाला, हर प्रकार के दुख-कष्टों का नाश करने वाला और आध्यात्मिक उन्नति का महामंत्र है। इसके नियमित जाप से व्यक्ति शांत,



उमा मित्तल



राशि अग्रवाल



आशिमा बेदी



शीना जैन

सुखी और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर होता है।

उन्होंने कहा कि राम नाम का जाप मन को शांति देता है, आत्मविश्वास और साहस का संचार करता है, जिससे व्यक्ति जीवन की बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना सहजता से कर पाता है। जब हम 'राम' नाम का जाप करते हैं, तो हम भगवान राम की दिव्य शक्ति से जुड़ते हैं, जो हर संकट में रक्षक बनकर मार्गदर्शन करती है।

संत बेदी जी ने बताया कि राम नाम भक्तों को नकारात्मक शक्तियों और बुरी ऊर्जा से सुरक्षित रखता है। भगवान राम सर्वशक्तिमान हैं और उनके नाम में इतनी शक्ति है कि वह जीवन के हर क्षेत्र में विजय दिलाने में सक्षम है। राम नाम का स्मरण न केवल सांसारिक सुखों की प्राप्ति कराता है, बल्कि मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

महायज्ञ में रमणीक बेदी, आशिमा बेदी, माँ रेखा बेदी, शुचिता दुग्गल, संयम भल्ला, शशि भल्ला, रामेश्वर गुप्ता, राज गुप्ता, गुलाब राय, वरिन्दर जैन, आशु जैन, मधु बजाज, निधि गुप्ता, लता गुप्ता, वीणा सोनी, स्वीट धवन, इशू धवन, पप्पी पराशर, दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला), वेद व्रत भल्ला, राजन कपूर, अंजू कपूर, सुंदरदास धमीजा, अशोक धवन, सुदर्शन जैन, सुमन जैन, राजेश चट्टवाल, मोनिका चट्टवाल, अभिनव चट्टवाल, पल्लवी चट्टवाल सहित अनेक साधक श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्मिलित रहे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### BNSS में Magistrate के सामने बयान क्यों अहम है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

अपराध की जांच के दौरान कई बार कहा जाता है कि 'गवाह या पीड़ित का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज हुआ है।' नए कानून Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (BNSS) में इस तरह के बयान को विशेष महत्व दिया गया है।

BNSS के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान वह बयान होता है जो पुलिस के बजाय एक न्यायिक अधिकारी के समक्ष, बिना किसी दबाव के दर्ज किया जाता है।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बयान स्वेच्छा से (Voluntarily) दिया गया हो और उस पर किसी प्रकार का पुलिस या बाहरी दबाव न हो।

मजिस्ट्रेट बयान दर्ज करने से पहले यह स्पष्ट करता है कि बयान देना अनिवार्य नहीं है और जो भी कहा जाएगा, वह आगे चलकर अदालत में उपयोग किया जा सकता है। यदि मजिस्ट्रेट को यह लगे कि बयान दबाव या डर में दिया जा रहा है, तो वह बयान दर्ज करने से मना भी कर सकता है।

BNSS में इस तरह के बयान की अहमियत इसलिए अधिक है क्योंकि— यह पुलिस के सामने दिए गए बयान से अधिक विश्वसनीय माना जाता है बाद में यदि गवाह अदालत में पलटता है, तो यह बयान उसकी साख परखने में काम आता है। जमानत, आरोप तय करने और अन्य अंतरिम आदेशों में अदालत इस बयान को ध्यान में रखती है

यह भी समझना जरूरी है कि मजिस्ट्रेट के सामने दिया गया बयान अपने-आप में सजा का आधार नहीं होता। अंतिम निर्णय हमेशा ट्रायल के दौरान दिए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों पर ही आधारित होता है।

निष्कर्ष : BNSS के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान जांच और न्याय के बीच एक संतुलन बनाता है। यह न तो पुलिस की सुविधा के लिए है, न ही आरोपी को फँसाने के लिए— बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सच सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड हो सके।

# माता श्री बंगलामुखी मंदिर का नींव पत्थर मेयर पदमजीत मेहता ने रखा

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 दिसंबर। रविवार को जनता नगर की गली नंबर 1 में माता बगलामुखी मंदिर के निर्माणकार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया जिसमें जहां पूजन किया गया, वहां नगर निगम मेयर पदमजीत मेहता ने विशेष तौर पर शिरकत कर मंदिर का नींव पत्थर रखते हुए कहा कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र वासियों की मांग थी कि यहां पर मंदिर हो जल्द ही उनकी यह मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया के



कण कण में परमात्मा का वास है मगर मंदिर में इंसान शांति से बैठकर अपना ध्यान लगाकर परमात्मा के साथ जुड़ सकता है। मंदिर अध्यक्ष संदीप गर्ग हैप्पी ने कहा कि मंदिर में श्री खाटू श्याम, भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी की मूर्तियों को भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन संदीप मुखर्जी, उपाध्यक्ष जगजीवन राम, सचिव कर्मजीत सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष जसपाल सिंगला, सह कोषाध्यक्ष जगदीश मनुजा उपस्थित थे।

# संत समाज ने 1101 कुंडीय रुद्र महा यज्ञ में भाग लेने का आह्वान किया






दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 22 दिसंबर। श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर बस्सी गुलामहुसैन होशियारपुर में 19 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक होने वाले 1101 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ हेतु आज महात्मा , संन्यासियों और संत समाज ने समाज से इस दुर्लभ यज्ञ में भाग लेने व सहयोग करने का आह्वान किया । सभी ने यज्ञ हेतु बांसों से निर्माण की जा रही भव्य व विशाल का दौरा किया ।इस अवसर पर यज्ञ के संयोजक एवं श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर के आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी उदयगिरि जी महाराज , जो जूना अखाड़ा से संबंध रखते हैं ,ने कहा कि यज्ञ ही सनातन का आधार है तथा वैदिक काल से ही हमारे ऋषियों ने यज्ञ की महता को समझ कर जनकल्याण के लिए इसे अत्यावश्यक कहा है। इस अवसर पर श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तीर्थक्षेत्र हिमाचल प्रदेश के आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी विश्वानंद जी सरस्वती ने बताया कि दर्शनशास्त्र पूर्वी मीमांसा में स्पष्ट रूप से वर्णन है कि देवता हवि ( आहुति ) अग्नि अर्थात हवन के द्वारा ही ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में मंडरा रहे युद्ध के बादलों और प्राकृतिक विपत्तियों से भक्तों की रक्षा एवं वातावरण की शुद्धि इसी तरह के यज्ञों से संभव है । उन्होंने कहा कि उनके पितामह गुरु ब्रह्मलीन स्वामी बौद्धानन्द जी महाराज ने 1101 कुण्डीय यज्ञ 1925 में श्री कालीनाथ तीर्थक्षेत्र में आयोजित किया था। होशियारपुर और क्षेत्रवासी सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें 101 वर्षो के पश्चात ऐसे यज्ञ में शामिल और यजमान हो कर पुण्य अर्जित करने का दिव्य अवसर प्राप्त हो रहा है। स्वामी रामशरणानंद जी महाराज ने कहा कि यज्ञ की अग्नि और मंत्रों की ध्वनि ब्रह्माण्ड में व्याप्त होकर सकारात्मकता चहूँ ओर फैलाती है।

# पूर्व आईजी ने खुद को गोली मारी, 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा, 8.10 करोड़ ऑनलाइन फ्रॉड को बताया कारण

पंजाब/यूटर्न/22 दिसंबर। पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (IG) अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से मारी। गोली लगने से वह घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खुद को गोली मारने से पहले उन्होंने 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। ये सुसाइड नोट उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव के नाम लिखा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपए ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। अमर सिंह चहल आईजी पद से रिटायर होने के बाद पटियाला में रह रहे थे। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत अमर सिंह चहल के घर पहुंच गई।





## बहबल कलां गोलीकांड में आरोपी है चहल

अमर सिंह चहल 2015 में फरीदकोट में हुए बहबल कलां और कोटकपूरा गोलीकांड मामले में आरोपी हैं। इसमें दो लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में 24 फरवरी 2023 को पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम (SIT) ने फरीदकोट कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इस SIT की अगुआई उस समय एडीजीपी एलके यादव कर रहे थे।

## चार्जशीट में नेताओं और पुलिस अधिकारियों के नाम

चार्जशीट में कई बड़े राजनीतिक नेताओं और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल किए गए थे। इनमें तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, उनके बेटे और पूर्व गृह मंत्री सुखबीर सिंह बादल, पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी, आईजी परमराज सिंह उमरानंगल, पूर्व डीआईजी अमर सिंह चहल, पूर्व एसएसपी सुखमिंदर सिंह मान और एसएसपी चरनजीत को नामजद किया गया था।

## IPS ग्रुप नाम के वॉट्सएप ग्रुप से जुड़े थे

सुसाइड नोट में चहल ने लिखा कि वे हाल ही में आईपीएस ग्रुप नाम के एक वॉट्सएप ग्रुप से जुड़े थे। वहां लोगों ने निवेश पर बहुत ज्यादा मुनाफा मिलने का लालच दिया। इस भरोसे में उन्होंने धीरे-धीरे बड़ी रकम लगा दी, लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि यह पूरा मामला ठगी का था।

## रिश्तेदारों और करीबियों से उधार लिए थे पैसे

चहल ने आगे लिखा कि इस रकम का बड़ा हिस्सा, करीब 7.5 करोड़ रुपए, उन्होंने अपने रिश्तेदारों और करीबी परिचितों से उधार लिया था। जिन लोगों ने उनकी मदद की थी, उनका कर्ज चुका न पाने की मजबूरी ने उन्हें गहरे मानसिक तनाव और पीड़ा में डाल दिया।

# दुकानों से मोबाइल चोरी कर आगे दुकानदारों के साथ मिलकर बिक्री करने वाले चार गिरफ्तार



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 दिसंबर। सिविल लाइन पुलिस थाना पुलिस ने लोगों के मोबाइल चोरी कर उसे आगे बेचने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में अजीत रोड वासी हरमंदर सिंह ने शिकायत दी थी कि गत दिवस उसके करियाना की दुकान में कुछ लोग सामान लेने के बहाने आए व उसका मोबाइल चोरी करके ले गए। इस दौरान आरोपियों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। दुकानदार ने फुटेज सोशल मीडिया पर डाल पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी लोगों की तलाश शुरू की वही सभी पीसीआर टीमों को फुटेज भेजकर उक्त लोगों की तलाश करने की हिदायत दी गई। इसके बाद बठिंडा पुलिस के सिविल लाइन पुलिस स्टेशन और पीसीआर टीम ने मोबाइल चोरों के एक गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से अलग-अलग ब्रांड के 10 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए। आरोपियों की पहचान गौरव कुमार वासी थर्मल कालोनी बठिंडा, कौमल धीर, बंटी व पवन शर्मा वासी नई बस्ती बठिंडा के रुप में हुई है। वही जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी लोगों से मोबाइल छीनकर व चोरी कर आगे बंटी व पवन शर्मा वासी नई बस्ती के पास बेचते थे। दुकानदार मोबाइल का साफ्टवेयर व डेटा रिइंस्टाल कर आगे लोगो को बेचने का धंधा करते थे। बठिंडा के अजीत रोड दुकानदार की निशानदेही के बाद आरोपी लोगों को रिमांड में लेकर पूछताछ कर करीब 10 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए है।

# बुरैल गांव में सीवरेज समस्या से मिलेगी राहत, मेयर हरप्रीत कौर बबला ने 91 लाख की परियोजना का किया शिलान्यास

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 दिसंबर। शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने सोमवार को क्षेत्रीय पार्षद कंवरजीत सिंह राणा, पार्षद जस्मनप्रीत सिंह और नगर निगम चंडीगढ़ के संबंधित अधिकारियों के साथ गांव बुरैल की विभिन्न गलियों में सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने के कार्य का शिलान्यास किया।

यह परियोजना लंबे समय से चली आ रही सीवरेज जाम और ओवरफ्लो की समस्याओं से क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस मौके पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि नगर निगम को बुरैल गांव से सीवरेज जाम और गंदे पानी के ओवरफ्लो को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। फील्ड निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मौजूदा सीवर लाइनें कम डायमीटर की हैं और अत्यधिक सिल्ट जमा होने के कारण मैनुअल और मैकेनिकल सफाई भी प्रभावी नहीं हो पा रही थी। समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने सीवरेज सिस्टम को सुदृढ़ करने की व्यापक योजना तैयार की है।



## राज्य सरकार पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों को हर सुविधा देने के लिए कर रही प्रयास - मोहिंदर भगत



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 दिसंबर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों को जरूरी सुविधाएँ देने के लिए पूरी तरह तैयार है और कोशिश कर रही है। ये बातें पंजाब के डिफेंस सर्विसेज वेलफेयर, फ्रीडम फाइटर्स और हॉर्टिकल्चर मंत्री मोहिंदर भगत ने स्थानीय सैनिक वेलफेयर ऑफिस में 10 लाख रुपये की लागत से गुरु नानक सैनिक रेस्ट हाउस की रेनोवेट की गई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए कहीं। इस मौके पर उनके साथ बठिंडा शहरी के विधायक जगरूप सिंह गिल और डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान खास तौर पर मौजूद थे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए भारत सरकार उठाए ठोस कदम - विजय दानव

लुधियाना/यूटर्न/22 दिसंबर। जब से बांग्लादेश में यूनिस सरकार सत्ता में आई है तब से ही बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंदुओं पर अत्याचारों में बेतहाशा वृद्धि हुई है और बीते दिनों बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति को नंगा करके पीटने और आग लगाने की घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इन शब्दों का प्रगटावा भावाधस के मुख्य संचालक वीरेश विजय दानव द्वारा पत्रकारों से बातचीत करते हुए किया गया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में योजनाबद्ध तरीके से लगातार हिंदुओं के मंदिरों को खंडित किया जा रहा है, महिलाओं पर अत्याचार और उनकी संपत्तियों पर गैरकानूनी ढंग से कब्जे किए जा रहे हैं जो कि सीधे तौर पर मानवाधिकारों का हनन है परंतु इस सब पर सभी चुप हैं। उन्होंने कहा कि चाहे पाकिस्तान हो या फिर अफगानिस्तान या फिर बांग्लादेश उक्त सभी देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों में दिनों दिन वृद्धि हो रही है और इन अत्याचारों के खिलाफ सभी हिंदुओं को अपना विरोध बड़े पैमाने पर जताना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मामले में हस्तक्षेप करे।






# विद्यार्थियों को माता गुजरी जी और चारों साहिबजादों की शहादत संबंधी किया जागरूक



चरणजीत सिंह चन्न

जागरांव/यूटर्न/22 दिसंबर। सन्मती विद्यालय में प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना के नेतृत्व में, कक्षा 5 के विद्यार्थियों को श्री गुरु गोविंद सिंह जी, चारों साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत पर आधारित फिल्म चार साहिबजादे दिखाई गई। विद्यार्थियों को यह फिल्म दिखाने का उद्देश्य उन्हें अपने इतिहास से जोड़े रखना और सत्य के मार्ग से न हटने तथा अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना था। प्रिंसिपल सुप्रिया ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर परमजीत कौर, गुरमीत कौर, ज्योति रानी, रजनी रिहाल, शैली गाबा, शैली अरोरा, दीक्षा हंस, गुरजीत कौर, कुलविंदर कौर, राखी बंसल आदि उपस्थित थीं।

# देश-विदेश से पधारे लाखों भक्त अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी के दरबार से प्राप्त करेगें खुशियां : महंत प्रवीण जी

## मां बगलामुखी धाम के सेवको ने लिया 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में सेवा करने का संकल्प

लुधियाना, यूटर्न, 22 दिसंबर। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक किया जाएगा। मां बगलामुखी धाम के पावन प्रांगण में मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी के सानिध्य में अखंड महायज्ञ की तैयारियों संबधी सेवकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवको ने तन-मन-धन से 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में 24 घंटों सेवा करने का संकल्प किया । वही इस दौरान एससी कमिशन पंजाब सरकार के चैयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी ने मां बगलामुखी धाम में नतमस्तक होकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त किया । महंत प्रवीण जी ने जसबीर सिंह गढ़ी को मां बगलामुखी का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया ।




**PUBLIC NOTICE**

It is to inform all and sundry that a Civil Suit bearing number CS/10611/2024 titled 'Tanya Ghai Tracy v. Jiwandeep Singh Ghai and Smt. Mohini Kulwant Ghai stands filed by my client Tanya Ghai Tracy aka Trilochan Kaur Ghai w/o Michael Tracy and d/o Late Sh. Kuldeep Singh Ghai, r/o 38, Birch Street, Sag Harbor, NY 11963 USA, which is at present pending in the Court of Ld. Civil Judge (Jr. Div.) Ludhiana, and that my Client has claimed to have exclusively succeeded to this Property on the basis of a Registered WILL dated 08.02.2017. The Ld. Civil Court vide its Order dated 04.08.2025, has held that at the prefatory stage, the said WILL regarding this property named as Car Bazaar at Village Tharike instantly validates the claim of my client prima facie, and it has been ordered that to safeguard the apparent right of my client (plaintiff) in this property named as Car Bazaar at Village Tharike and to pre-empt proliferation of litigation, defendants viz: Jiwandeep Singh Ghai and Smt. Mohini Kulwant Ghai are restrained from transferring/ alienating etc. this property to anybody without the permission of the Court during the pendency of the suit.Therefore, caution is issued on behalf of my client to the Public in large against directly or indirectly transacting for any alienation/buying/ dealing with this property without the permission of the Ld. Civil Court in accordance with aforesaid orders. Anybody doing/indulging/transacting in violation of the said Order, in respect of this property, shall be doing so at his/her/ its own risk, peril and responsibility, and in such eventuality such person shall be liable for the consequences ensuing therefrom.

503-B, Aggar Nagar B, Ferozepur Road, Ludhiana-141012
M-9814025399/9855925399, Email: piyushkant52@gmail.com

Piyush Kant Jain & Aditya Jain
Advocates


# यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी सेना में अभी भी 50 भारतीय फंसे, 26 की मौत



चंडीगढ़/यूटर्न/22 दिसंबर। केंद्र सरकार ने कहा है कि यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे घातक और लंबा युद्ध है, माना जाता है कि 202 भारतीयों को रूसी सशस्त्र बलों में भर्ती किया गया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 202 भारतीयों में से 26 की मौत हो गई है, जबकि रूसी पक्ष ने सात के लापता होने की सूचना दी है। सांसदों साकेत गोखले और रणदीप सिंह सुरजेवाला के सवालों का जवाब देते हुए, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि ₹सरकार के लगातार प्रयासों से उनमें से 119 को जल्दी छुट्टी मिल गई है, और 50 लोगों को जल्दी छुट्टी दिलाने के प्रयास जारी हैं। जूनियर मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का जवाब दो भारतीयों के शवों के दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के एक दिन बाद आया, जो रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में मारे गए थे। केंद्र सरकार ने सितंबर में भारतीयों को रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दोहराई थी, जब भारत के लोगों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए लुभाने की नई खबरें आई थीं।

### कई मृतकों के पार्थिव शरीर लाए गए

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने 10 मृत भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को वापस लाने में मदद की और दो अन्य के स्थानीय अंतिम संस्कार की सुविधा दी। मृत या लापता बताए गए 18 भारतीयों के परिवार के सदस्यों से डीएनए सैंपल रूसी अधिकारियों के साथ साझा किए गए हैं ताकि मृतकों की पहचान स्थापित करने में मदद मिल सके।

# नगर परिषद की दुकानदारों को सख्त चेतावनी, सड़क व फुटपाथ पर सामान रखने पर होगी जब्ती

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 दिसंबर। शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़कों पर अव्यवस्था को देखते हुए नगर परिषद डेराबस्सी ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश जारी किए। नगर परिषद अधिकारियों ने दुकानदारों से स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। अधिकारियों ने चेताया कि यदि किसी दुकान के बाहर सड़क या फुटपाथ पर सामान पाया गया, तो नगर परिषद की टीम द्वारा उसे जब्त किया जाएगा।



नगर परिषद के अनुसार दुकानों के बाहर रखे गए सामान के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है और शहर में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। नगर परिषद कर्मचारियों ने दुकानदारों से शहर को साफ-सुथरा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि अपील के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी रहा, तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# श्याम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

## मन की बात सांवरिया से आज सुना के देख ले पर भाव विभोर हुए भक्तजन





लुधियाना, यूटर्न, 22 दिसंबर। बाह पकड़ ले सांवरा कही छूट ना जाए, तारीफ करूं क्या उसकी जिसने तुम्हें सजाया ₹जाके सर पर हाथ म्हारे श्याम धनी को होवे , मन की बात सांवरिया से आज सुना के देख ले आदि भजनों पर भक्तजन मस्ती में झूम रहे थे और पूरा माहौल खाटूमय जैसा प्रतीत हो रहा था मौका था चंडीगढ़ रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में करवाए साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का ।जिसमे आशु शर्मा चंडीगढ़ वालो द्वारा बाबा श्याम का कीर्तन किया जा रहा था ।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित संदीप कुमार मिश्रा ,पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित की गई। ट्रस्ट सदस्यों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया ।संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार विजय गोयल परिवार द्वारा किया गया ।जो कि देखने योग्य था। संकीर्तन में बाबा श्याम की आरती उपरांत प्रशाद वितरित किया गया। संकीर्तन से पूर्व संदीप अग्रवाल परिवार द्वारा हवन यज्ञ कर बाबा श्याम से विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई।

इस मौके विजय गोयल, अभिषेक गुप्ता, संजय अग्रवा,ल मनीष बाजारी, हरीश गर्ग, संदीप गोयल, धीरज सिंगला, नरेश अग्रवाल, अतुल वालिया चंद्रेश भारद्वाज, सुनील गोयल, जय भगवान गोयल, रजत गोयल, दीपक सिंगला आदि मौजूद रहे।

# डेराबस्सी फ्लाईओवर पर भीषण हादसा

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 दिसंबर। अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित डेराबस्सी के मुख्य फ्लाईओवर पर रविवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार कार चालक नवनीत सिंह, निवासी नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा), अपने परिवार के साथ फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोड़ मेला में माथा टेकने के बाद लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे जैसे ही उनकी कार डेराबस्सी फ्लाईओवर पर चढ़ी, पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार नवनीत सिंह की माता को चोटें आई, जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल डेराबस्सी में भर्ती कराया गया। कार में सवार एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आई, जबकि बाकी सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि बस की रफ्तार काफी अधिक थी, जिस कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे कार के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद फ्लाईओवर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया।



# 1500 रुपये रिश्वत लेते निजी व्यक्ति को विजीलैंस ब्यूरो ने रंगे हाथों दबोचा

चंडीगढ़, 22 दिसंबर। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने जिला फरीदकोट में एक निजी व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुखविंदर सिंह के रूप में हुई है, जो पटवारी पूजा यादव के अधीन कार्य करता था। विजीलैंस प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई फरीदकोट के भान सिंह कॉलोनी निवासी एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके प्लॉट का इंतकाल करवाने के बदले 2000 रुपये रिश्वत की मांग की थी।



प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली, जिसके बाद उसने विजीलैंस ब्यूरो से संपर्क किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372